BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:..................... **Date:..........................**

PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS

COMPILED BY MEDIA CELL (09.01.2025)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 09.01.2025, PAGE-06

फरवरी से शुरू होगी पीजी की कक्षाएं

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में पीजी सत्र 2024-26 की कक्षाएं फरवरी में शुरू होंगी। विवि प्रशासन इसकी तैयारी कर रहा है। विवि में अभी पीजी में दाखिले के लिए आवेदन लिया जा रहा है। आवेदन 20 जनवरी तक लिया जाएगा। 20 जनवरी के बाद मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। जनवरी तक दाखिले की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद फरवरी से कक्षाएं शुरू कर दी जाएंगी। विवि में पीजी के सत्र को नियमित करने के लिए इस साल दो बार दाखिले को पोर्टल खोलने का विचार है।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR,
DATE:09.01.2025, PAGE-06

बीएड कॉलेजों में होगी प्राध्यापकों की नियुक्ति

- विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी की रिक्तियां
- 28 तक आवेदकों को भेज देना होगा दस्तावेज

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू के तहत आने वाले बीएड कॉलेजों में प्राध्यापकों की बहाली होगी। एनसीटीई के निर्देश पर बिहार विवि प्रशासन ने इसके लिए रिक्तियां जारी की हैं।

28 जनवरी तक आवेदक को अपने सारे शैक्षिक दस्तावेज विवि को ईमेल के जरिये भेज देने हैं। रिक्तियों में एलएनडी कॉलेज में विभागाध्यक्ष पद के लिए एक सीट, शिक्षा शास्त्र के शिक्षक की तीन सीट, एलएन कॉलेज भगवानपुर में शिक्षा शास्त्र के शिक्षक पद के लिए तीन सीट, पेडागोगी ऑफ मैथ के लिए दो सीट, एलएनडी कॉलेज में पेडागोगी ऑफ मैथ विषय के लिए एक सीट, सीएन कॉलेज साहेबगंज में इसी विषय के लिए दो और टीपी वर्मा कॉलेज में एक सीट, पेडागोगी ऑफ साइंस विषय के लिए एलएनडी कॉलेज में दो सीट, एलएन कॉलेज भगवानपुर और सीएन कॉलेज में एक एक सीट, पेडागोगी ऑफ सोशल साइंस में एलएनडी कॉलेज में एक सीट, टीपी वर्मा कॉलेज में एक सीट, पेडागोगी ऑफ लैंगवेज में एलएन कॉलेज भगवानपुर में दो, सीएन कॉलेज साहेबगंज में एक, हेल्थ एंड फिजिकल एजुकेशन में सीएन कॉलेज साहेबगंज और एलएनडी कॉलेज में एक-एक सीट, संगीत, ड्रामा और कला के विषय में सीएन कॉलेज साहेबगंज में एक सीट पर नियुक्ति होगी।

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:.................... **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 09.01.2025, PAGE-06

बीएड विभागाध्यक्ष समेत 27 शिक्षकों की होगी नियुक्ति, निर्देश किया जारी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के तहत चार अंगीभूत कालेजों में संचालित हो रहे बीएड कोर्स में शिक्षकों और विभागाध्यक्ष की नियुक्ति होगी। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से निर्देश जारी किया गया है। कुल 27 पदों पर होने वाली नियुक्ति के लिए योग्य अभ्यर्थी 28 जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए शिक्षकों को इंस्पेक्टर आफ कालेजेज आर्ट्स के आधिकारिक ईमेल के साथ-साथ रजिस्टर्ड पोस्ट से आवेदन करना होगा। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। वहीं विश्विवद्यालय के साइट पर भी इसकी जानकारी दी गई है। आवेदन में शिक्षकों को सभी दस्तावेजों की स्कैन कापी और च्वाइस कालेज के साथ-साथ विषय और पोस्ट की स्पष्ट जानकारी देनी होगी। इंटरव्यू के समय अभ्यर्थियों को सभी शैक्षिक दस्तावेजों की मूल प्रति, आधार, पैन और पांच पासपोर्ट साइज फोटो के साथ एक हजार रुपये का डीडी लाना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों के लिए संबंधित विषय में पीजी के साथ-साथ एमएड या एजुकेशन में पीएचडी के साथ बीएड या बीएलएड और नेट या पीएचडी होना चाहिए। संबंधित कोर्स में कम से कम 55 फीसदी अंक से उत्तीर्ण होने पर ही आवेदन किया जा सकेगा। एलएनडी कालेज मोतिहारी में विभागाध्यक्ष का एक पद रिक्त है।

4 अंगीभूत कालेजों में संचालित हो रहे बीएड के लिए 28 जनवरी तक होगा आवेदन

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 09.01.2025, PAGE-06

विश्वविद्यालय में होगा आडिट

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में लंबे समय बाद आडिट की प्रकिया होगी। इसके लिए तीन सदस्यीय सेंट्रल आडिट टीम आई है। टीम अगले तीन से चार वित्तीय वर्ष में हुए आय और व्यय का आडिट करेगी। बताया जा रहा है कि टीम को विश्वविद्यालय के ओल्ड गेस्ट हाउस में ठहराया जाएगा। इस आडिट की प्रकिया में पिछले वर्षों में हुए खर्चों से लेकर नियम को ताक पर रखकर और प्रकियाओं का बगैर पालन किए हुए काम सामने आ सकते हैं। (जासं)

Ref:.................... **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 09.01.2025, PAGE-04

विभागाध्यक्ष समेत 27 शिक्षकों की होगी नियुक्ति

मुजफ्फरपुर. बीआरएबीयू के चार बीएड कॉलेजों में अध्यक्ष समेत शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी की गयी है. 28 जनवरी तक इन पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है. एलएनडी कॉलेज मोतिहारी में विभागाध्यक्ष का एक पद रिक्त है. एलएन कॉलेज भगवानपुर में प्रॉस्पेक्टिव इन एजुकेशन में 3, एलएनडी कॉलेज में 3 व टीपी वर्मा कॉलेज नरकटियागंज में एक पद रिक्त है. इन चारों कॉलेजों अलग-अलग कुल 27 पदों पर नियुक्ति की जानी है.